हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 6 नवंबर 2025



04 दबंगाई दिखाकर मारपीट करने वाले पांच...



07 ज्ञानी गुरबचन के रागी जत्थे ने गुरबाणी कथा कीर्तन...



## खबर संक्षेप

### बगलामुखी मंदिर परिसर में भिक्षावृत्ति पर रखी जा रही निगरानी

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर परिसर में भिक्षावृत्ति पर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा निगरानी रखी जा रही है। तहसीलदार नलखेड़ा प्रियंक श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालु से भिक्षावृत्ति करने और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान करने की जानकारी संज्ञान में आने पर मंदिर परिसर में सतर्कता बढ़ा दी है। मंदिर परिसर में भिक्षावृत्ति करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### एक दिसंबर से की जाएगी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी

**सीहोर।** सोशल मीडिया पर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान/गेहूॅं खरीदी नहीं किए जाने संबंधी प्रसारित हो रहे समाचार के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय से जारी एसओपी क्रमांक एफएससी/43/4/0003 /2025/29-1/2437 भोपाल, दिनांक 30/अक्टूबर/2025 के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाना है! जिसकी तैयारी उपार्जन एजेंसी द्वारा की जा रही हैं। पत्र अनुसार 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक समर्थन मूल्य पर मोटा धान की खरीदी के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान नहीं खरीदी के संबंध मे कोई भी निर्देश प्राप्त नहीं हुए है।

### 60 की निशुल्क जांच 40 का मोतियाबिंद ऑपरेशन

**सीहोर।** लायंस क्लब सीहोर, सिद्धपुर एवं सेवा सदन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को इंग्लिशपुरा स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर निशुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया गया। शिविर में 60 लोगों ने जांच का लाभ लिया। इनमें से 40 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका निशुल्क ऑपरेशन नवीन सेवा सदन अस्पताल में किया जाएगा।

### विराग सागर महा मुनिराज का 34वां आचार्य पदारोहण दिवस भी मनाया

# मुनि संघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में विराजित मुनि संघ का वर्षायोग समापन बेला के अवसर पर मुनि संघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह के साथ गणाचार्य विराग सागर महा मुनिराज का 34 वां आचार्य पदारोहण दिवस भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुनि संघ को जहां नवीन पिच्छी भेंट की गई वहीं भाग्यशाली परिवारों को पुरानी पिच्छी मुनि श्री द्वारा अपने हाथों से प्रदान की गई। वहीं चातुर्मास के दौरान नलखेड़ा के सभी दिगंबर जैन समाजजनों ने जो जिम्मेदारी से कार्य किया इसके लिए सभी की प्रशंसा करते हुए अनुमोदना की गई।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष वर्षावास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म. सा. ससंघ विराजित है। मुनि संघ का वर्षायोग समापन की बेला मे 3 नवंबर को दिगंबर जैन समाजजनों द्वारा परम पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी महा मुनिराज का 34 वां आचार्य पदारोहण दिवस एवं मूल संघ के गणधर मुनि श्री विवर्धन सागर जी ससंघ का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह भव्यता के साथ त्यागी भवन में मनाया गया। त्यागी भवन में आयोजित कार्यक्रम का संचालन अनामिका बाकलीवाल इंदौर एवं प्रतिष्ठाचार्य मुकेशजी शास्त्री सुसनेर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती पांड़ियि के मंगलाचरण से हुआ। समाज के प्रबुद्धजनों पंडित शांतिलाल जैन आगर, मनोज बाकलीवाल इंदौर, कैलाशजी भोपाल, अभिषेकजी भोपाल द्वारा आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। मांगीलाल जैन अभिभाषक तथा समाज के अध्यक्ष नेमीचंद गोधा सहित अन्य के द्वारा गुरु के प्रति अपनी विनयांजलि प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में कुमारी प्रेक्षा व कनक पांड़ियि का भक्ति नृत्य तथा समाज की बालिकाओं, नन्ही नन्ही बालिकाओं एवं मंडल द्वारा भव्य भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुनि श्री के पाद पक्षालन के साथ बाहर से पधारे अतिथियों का सम्मान दिगंबर जैन समाज तथा विराग विवर्धन चातुर्मास समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुनि संघ (6पिच्छी) को समाज जनों द्वारा नवीन पिच्छिका भेंट की गई। वही समाज के भाग्यशाली परिवारों को मुनि संघ की पुरानी पिच्छिका प्रदान की गई। पिच्छिका परिवर्तन के इस भव्य समारोह में नगर सहित अन्य स्थानों के समाजजनों द्वारा भी बड़ी संख्या में भाग लिया गया। इस अवसर पर गणधर मुनि विवर्धन सागर महाराज, प्रवर्तक मुनि श्री विश्व नायक म.सा. आदि मुनिराज द्वारा आचार्य विराग सागर महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला गया।





#### चातुर्मास में समाजजनों ने जिम्मेदारी के साथ कार्य किया

मुनिश्री ने कहाकि नलखेड़ा के चातुर्मास के दौरान सभी समाज जनों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य किया। जिससे चातुर्मास में किसी प्रकार की बाधा नहीं आई। मुनि संघ के आहार आदि व्यवस्था में सभी समाज के युवा पूरी कर्मठता के साथ लगे रहे। चातुर्मास के दौरान 43 घरों के चौके लगे। इसके लिए जिन-जिन ने भी सहयोग प्रदान किया वहां सभी अनुमोदना के पात्र हैं। संपूर्ण चातुर्मास में प्रवचन व अन्य धार्मिक कार्यों का समाचार पत्र में कवरेज राजेंद्र सकलेचा द्वारा किया गया। उनके पुण्य की भी बहुत-बहुत अनुमोदना। समाज के प्रबुद्धजनों ने बताया कि वर्षाकाल के चार माह चौक बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर के समीप त्यागी भवन में रहकर मुनि संघ द्वारा खूब धर्म प्रभावना की गई। मुनि विवर्धन सागर व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म. सा. ने अपनी वाणी से धर्मोपदेश देकर जैन दर्शन के सिद्धांत व वारषाणुवेख्खा (बारह अनुप्रेक्षा) ग्रंथ की वाचना एवं व्याख्या कर तथा समाज के युवाओं की धार्मिक कक्षाओं के माध्यम से स्व कल्याण की भावना के साथ ही समाजजनों को संयम पथ पर चलने की प्रेरणा दी है।

### गुरु भगवंतो का करवाया चातुर्मास परिवर्तन

## शत्रुंजयतीर्थ की भाव यात्रा व पूजन का कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा


स्थानीय श्वे.जैन समाज द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर प्रतिवर्षानुसार शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा तथा पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों द्वारा भाग लिया। इसी के साथ समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित रत्ना निधि म.सा.आदि ठाणा - 5 का हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ चातुर्मास परिवर्तन सकलेचा निवास पर करवाया गया।

कार्तिक पूर्णिमा पर प्रतिवर्षानुसार समाज में पूजन व शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा का आयोजन किया गया। इसी के साथ स्थानीय जैन आराधना भवन मे चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा, पुण्यनिधि म.सा आदि ठाणा 5 का चातुर्मास पूर्ण होने पर बुधवार को प्रातः 6.30 बजे गाजे-बाजे के साथ समाजजनों द्वारा जुलूस के रूप में श्री चंदा प्रभु जिन मंदिरजी पर ले जाया गया। जहां परमात्मा के दर्शन के साथ सामूहिक चैत्य वंदन किया गया। जिनमंदिरजी से साध्वी मंडल को चातुर्मास परिवर्तन हेतु लाभार्थी परिवार रमेशचंद अटलकुमार सकलेचा के निवास पांड़ियि कॉलोनी पर ले जाया गया। जहां पर प्रातः 7.30 से 9.30 बजे तक कार्तिक पूर्णिमा पर समाज में प्रतिवर्षानुसार होने वाली श्री शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा साध्वी मंडल द्वारा करवाई गई। जिसमें महिलाओं तथा समाज जनों द्वारा शत्रुंजय महा तीर्थ के पट के समक्ष आराधना कर विभिन्न प्रकार की सामग्री जिसमें फल, फूल, मेवा, मिष्ठान सहित अन्य सामग्री अर्पण की गई। तथा शत्रुंजय की महिमा पर ऊंचा-ऊंचा शत्रुंजय न, शिखरो सुहाय........ जैसे धार्मिक भजनो का सामूहिक रूप से गान किया गया। रत्ना निधि श्रीजी ने शत्रुंजय महा तीर्थ की महिमा पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात सकलेचा परिवार की ओर से नवकारसी का कार्यक्रम रखा गया। दोपहर 1:30 बजे से पूर्णिमा पूजन का कार्यक्रम लाभार्थी सागरमल राजेशकुमार, यशकुमार, क्रियांश तिलगोता परिवार की ओर से तहसील रोड स्थित सागर विद्या निकेतन पर रखा गया। पूजन हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढाई गई। कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले सभी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों द्वारा भाग लिया।

## जयेश्वर महादेव मंदिर पर हुआ अन्नकूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर के नयापुरा में स्थित श्री जयेश्वर महादेव मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन किया गया। मंगलवार रात्रि को जयेश्वर महादेव मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन हुआ। भगवान महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। भगवान को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई जिसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों द्वारा अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण की गई। इस अवसर पर मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई थी।



### जनसुनवाई में 35 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 35 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शिवराज सिंह चौहान की 24 घंटे की डेडलाइन का असर, नाबालिग अपहरण का मुख्य आरोपी पीथमपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हस्तक्षेप भैरूंदा तहसील के भादाकुई गांव से नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में निर्णायक साबित हुआ है। रविवार को उनके द्वारा डीजीपी से सीधे चर्चा करने के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और अपहत बालिका को दस्तयाब किया है।

बता दें यह मामला तब सुर्खियों में आया जब घटना के 11 दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। इसके विरोध में यदुवंशी समाज ने भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारी आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे थे।

देर शाम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीधे डीजीपी से बात की और पुलिस को तत्काल कार्रवाई के लिए 24 घंटे की समय सीमा दी। इस आश्वासन के बाद ही प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त किया था।

#### मुख्य आरोपी सहित 4 गिरफ्तार

एसडीओपी भैरूंदा रोशन कुमार जैन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। पुलिस टीम ने रविवार देर रात मुख्य आरोपी उमाशंकर मेहरा निवासी भादाकुई को पीथमपुर से गिरफ्तार किया और नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजन को सौंप दिया।

#### बयान के बाद बढ़ाई धाराएं

पुलिस ने बताया कि बालिका के बयानों के आधार पर आरोपी उमाशंकर मेहरा सहित सह आरोपी विजेश मेहरा, कांता बाई मेहरा और गायत्री मेहरा को भी गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के विरुद्ध अब धारा 376(2) (एम), 49 बीएनएसए 5/6 एवं 16/17 पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में इजाफा किया गया है। सभी चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर महिलाओं ने किया दीपदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार देर शाम व रात्रि तक लखुंदर नदी में पूजा अर्चना व विधि विधान से दीप दान किया गया। मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी पर महिलाओं द्वारा आटे के दीपक बनाकर उनकी पूजा अर्चना कर विधि विधान से नदी में दीप दान किया गया। कई महिलाओं द्वारा मछलियों के भोजन के लिए आटे की गोलियां बनाकर नदी में डाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं दीप दान करने घाट पर पहुंची थी। कार्तिक पूर्णिमा पर नदी में दीपदान करने का धार्मिक महत्व के चलते नगर मे भी बडी संख्या में महिलाएं लखुन्दर नदी के तट पर पहुंची। जहां उनके द्वारा परिवार सहित नदी के जल की पूजा-अर्चना कर कागज की तश्तरी में दीप रखकर दीपदान किया गया। मान्यता है कि कार्तिक मास की पूर्णिमा के दिन देवता धरती पर आए थे। वहीं भगवान विष्णु ने श्रवासापुरा राक्षक को मारने के लिए इस दिन ही मत्स्यावतार ले कर राक्षक कर वध किया था। इसलिए भी इस दिन का बहुत महत्व होता है।



### समाजजनों द्वारा की गई पूजा

## दिगंबर जैन समाज ने श्रीजी की रथयात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर चौक बाजार स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी की रथयात्रा नगर में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। बुधवार को चौक बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर से निकाली गई इस रथयात्रा में श्री जी को रजत पालकी में विराजित किया गया था। पालकी को समाज के युवा अपने कंधों पर लेकर चल रहे थे। समाजजनों द्वारा श्रीजी की अगवानी की गई। रथयात्रा में मुनि विवर्धन सागर महाराज व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म.सा. ससंघ के साथ बड़ी संख्या में समाजजन व महिलाएं शामिल थीं।



प्रमुख मार्गों से होती हुई रथयात्रा नेमीचंदजी पांडिया की बावड़ी पर पहुंची जहां पर मुनि श्री द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। पांडिया परिवार की ओर से पूजा अर्चना की गई तथा प्रभावना का वितरण किया। इसके बाद रथयात्रा वापस दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंची। कार्तिक पूर्णिमा पर्व को लेकर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी हुए।

### प्रवचन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों ने लिया भाग

# मुनिश्री ने मोर पंख से बनी पिच्छी के महत्व को बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



पिच्छी संयम का उपकरण होता है। इससे जीवों की रक्षा होती है। संत उठते-बैठते पिच्छी से मार्जन करते हैं। सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव को भी इसके कारण कष्ट नहीं होता है। मोर पंखों से बनी पिच्छिका अहिंसा धर्म का पालन करने के लिए संत अपने पास रखते हैं। मंत्र साधना के लिए मयूर पंख शुभ माना गया है। तांत्रिक भी मयूर पंख की पिच्छी से साधना करते हैं। एक वर्ष के अंतराल में पिच्छी की कोमलता कम होकर जीण - क्षीण हो जाती है इसीलिए पिच्छी को बदलना पड़ता है।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज मेंइस वर्ष वर्षावास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म. सा. ने मोर पंख से बनी पिच्छी के महत्व को प्रतिपादित करते हुए समाज जनों के समक्ष यहां बात कही गई। पिच्छिका परिवर्तन के संदर्भ में मुनि श्री ने कहा कि पिच्छी संयम का उपकरण होता है। इससे जीवों की रक्षा होती है। संत उठते-बैठते पिच्छी से मार्जन करते हैं। मृदु पंखों के कारण चींटी जैसे जीव को भी इससे कष्ट नहीं होता है। पिच्छी के पंख के नीचे से भी चींटी निकल सकती है। मोर पंख धूल को ग्रहण नहीं करते। धूल उसमें नहीं लगती है। चिकनाई पिच्छी को ग्रहण नहीं करती। गर्मी में पसीना आने पर उसको शरीर पर फेरने से भी पसीना ग्रहण नहीं करती है। उन्होंने कहा कि पिच्छी में मयूर पंख का ही उपयोग क्यों किया जाता है क्योंकि मयूर का व्याभिचार अन्य प्राणियों जैसा नहीं होता है। मयूरी की आंख से आंसू गिरता है। मयूर उसकों ग्रहण करता है जिससे गर्भ रहता है। मयूर कार्तिक मास के अंत तक अपने पंख बड़े-बड़े होने तथा भारी होने से उन्हें अपनी चोंच से निकालता है या वह स्वतः ही गिरने लगते हैं। मुनि श्री ने बताया कि प्राचीन काल में राजा महाराजा जब भी वन में जाते थे तब मयूर पंख इकट्ठा करके मुनिराजों को भेंट करते थे। मयूर एक समय के बाद स्वतः ही अपने पंख छोड़ देते हैं। मयूर पंख सुंदर दिखाई देते हैं। मंत्र साधना के लिए भी मयूर पंख को शुभ माना गया है। तांत्रिक भी मयूर पंख की पिच्छी से साधना करते हैं। इस्लाम धर्म के फकीर आदि भी मयूर पिच्छी का उपयोग करते हैं। मयूर पंख से सांप आदि भी डरते हैं। मयूर की आवाज सुनते ही चंदन से लिपटे सांप की पकड़ भी ढीली पड़ जाती है। मयूर पंख जहां होते हैं, वहां सांप नहीं आते थे। यह शास्त्रों में लिखित है।

मुनिश्री ने कहा कि 2023 में आचार्य विरागसागरजी का चातुर्मास श्रेयांसगिरी मैं हुआ था वहां चतुर्थ कालीन प्रतिमाएं हैं। वहां शेर व गुफाएं भी पाई जाती है। मुनिराज वहां गुफाओं में साधना करते थे। श्रावकों ने वहा अग्नि से शेरनी को डरा कर भगाया था। शेर आदि जंगली जानवरों के कारण धीरे-धीरे वहां श्रावक कम रह गए। जंगल के कारण उस श्रेयांसगिरी पर श्रावकों ने जाना भी कम कर दिया। जंगल में होकर आचार्य विराग सागरजी का संघ वह गया। वह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। जहां भील लोग जंगल में अपना जीवन यापन करते थे। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री ने वहां एक भील को कुल्हाड़ी की धार करने के लिए प्रतिमा का उपयोग करते देखा। वहां सभी नगरों के श्रावक आचार्य श्री से चातुर्मास के लिए प्रार्थना करने आए। आचार्य श्री ने सभी आसपास के श्रावकों को श्रेयांशगिरी के जीणोद्धार के लिए कहा। उस पहाड़ का नाम पूर्व में सिरा पहाड़ था। सभी गांवों के लोगों को यहां समझ आ गई। भक्ति भाव से वहां चातुर्मास करवाया। वहां रोड भी नहीं थी। वहां महिलाएं अपने सिर पर चौके का सामान टोकरी में रखकर व बैलगाड़ी से आते जाते थे। कभी बाढ़ आ जाती थी यह बात वहां के कलेक्टर साहब को जानकारी में आए। तीन-चार पिच्छी उस समय थी विराग सागरजी को उस जंगल में कलेक्टर मिले। भीषण जंगल को देखते हुए कलेक्टर ने मुनि श्री से वहां चातुर्मास नहीं करने का निवेदन किया। कलेक्टर ने वहां मुनिराजों के लिए ठहरने के लिए व्यवस्था करवायी। फिर कुछ श्रावकों ने भवन बनाए। ऐसे श्रेयांशगिरी क्षेत्र पर भी जब पर्वतों पर आचार्य श्री ध्यान साधना करते थे तो कई बार सर्प अति निकट से निकल जाते थे। लेकिन साधना व पिच्छी का प्रभाव कहे कि आज तक किन्हीं साधकों को वहां सर्प द्वारा नहीं काटा।

मुनि श्री ने बताया कि 1 वर्ष के अंदर पिच्छी की कोमलता कम होकर जीण - क्षीण हो जाती है। इसीलिए पिच्छी का परिवर्तन करना पड़ता है। कई श्रावक पिच्छी के पंख की निःशुल्क व्यवस्था करते हैं।

**खबर संक्षेप**

## खुले में कचरा डालने वाले व्यक्ति पर जुर्माने की कार्रवाई

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मंगलवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्रमांक 27 आनंद नगर स्थित दृष्टिहीन कन्या विद्यालय के पास में अशरफ पिता लियाकत हुसैन निवासी आनंद नगर द्वारा बोरे में लाकर कचरा सार्वजनिक स्थान पर डाल दिया गया था। मौके पर निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे के द्वारा एवं वार्ड दरोगा विकास बंजारे अन्य दरोगा बसंत, राजकुमार कल्याणे, अनीश सांगते, जितेंद्र बंजारे एवं रिमूवल टीम के साथ राशि रूपये 2 हजार का स्पॉट फाइन किया जाकर राशि की वसुली की गई। इसी प्रकार वार्ड 17 मे गंदगी करने पर रूपये 1 हजार एवं वार्ड 10 मे सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैंकने पर 5 सौ रूपये तथा पीठा रोड पर कचरा फैंकने पर 11 सो रूपये कुल 5 हजार 1 सौ का स्पाट फाईन कर राशि वसुली गई। कार्यवाही मे निगम स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, ओमप्रकाश प्रथरोड, विजय सांगते, दरोगा लोकराज गिल्लोरे उपस्थित रहे।

## ब्राइट स्टार मुस्लिम एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

**देवास।** संस्था ब्राइट स्टार मुस्लिम एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन विगत दिनों ब्राइट स्टार सेंट्रल एकेडमी पुष्पकुंज कॉलोनी इटावा देवास पर संपन्न हुआ। बैठक में संस्था के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी पी.एस.स्वामी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सय्यद साजिद अली द्वारा की गई। तदोपरांत अध्यक्ष पद पर मेहशर अली सय्यद, उपाध्यक्ष शाहिद शेख, सचिव सादिक शेख, संयुक्त सचिव जाकिर उल्ला शेख, कोषाध्यक्ष नईम एहमद, कार्यकारिणी सदस्य मो. शरीफ खान, शकील शेख, जमील उद्दीन शेख एवं मेहमूद बेग को निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की।

### थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर कसा शिंकजा

# दबंगई दिखाकर मारपीट करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### घर में घुसकर मारपीट करने वाले चार और वसूली रंगदारी में एक आरोपी पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर शिंकजा कसने प्रभावी कार्यवाही की है। पुलिस ने दो अलग अलग घटनाओं में दबंगई दिखाकर घर मे घुसकर मारपीट करने वाले पांच आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दबंगई कर मारपीट करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस कप्तान ने जारी किए है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के सख्त निर्देशों के पालन में थाना औद्योगिक पुलिस ने दबंगों को पकड़ने की कार्रवाई की। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीपीसी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। 12 अक्टूबर को एक फरियादिया ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 11 अक्टूबर के रात करीबन 09.00 बजे,मौहल्ले के सोनू नडावत, माखन नडावत,अज्जू बंजारा,महेश चावडा, संगीताबाई व एक अन्य महिला जबरन मेरे घर मे घुस आए व बोले कि तुम लोग बहुत जोर जोर से बात करते हो तथा माँ बहन कि अश्लिल गालिया देते हुए मारपीट कर जान से मारने कि धोंस देने लगे। फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

प्रकरण कि गंभीरता को देखते हुये दबंगई कर मारपीट करने वाले उक्त आरोपियो कि गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन कर रवाना किया गया । पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर 04 नवम्बर को फरार आरोपी सोनू नडावत पिता मोहन नडावत उम्र 27 साल, माखन नडावत पिता मोहन नडावत उम्र 24 साल, अजय उर्फ अज्जू बंजारा उम्र 28 साल और महेश पिता मांगीलाल चावडा उम्र 27 साल निवासी शंकरगढ गिट्टी खदान देवास को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।





उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,प्रआर अजय बैस,आर हर्षित थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास की सराहनीय भूमिका रही। वही दूसरी घटना 8 सितंबर की है। 08 सितम्बर को फरियादी ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पर आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 8 सितंबर के दोपहर करीबन 03.00 बजे कि बात है मै मौहल्ले मे था तभी मुझे वहां पर अशोक मिला जो मुझसे बोला कि मौहल्ले मे रहना है तो मुझे नशा करने के लिये पैसे दो। मेरे द्वारा मना करने पर माँ बहन कि अश्लिल गालिया देकर मारपीट कि तथा जान से मारने कि धोंस दी गई। फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर अप.क्र. 828/2025 धारा 119(1),296,115(2),351(3) बी.एन.एस. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण कि गंभीरता को देखते हुये दबंगई कर अवैध वसुली के लिये मारपीट करने वाले उक्त आरोपी कि गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन कर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर 4 नवंबर को फरार आरोपी अशोक उर्फ बारिक पिता राजाराम उम्र 40 साल निवासी सर्वोदय नगर देवास को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,प्रआर किशोर,आर हर्षित थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास की सराहनीय भूमिका रही।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत बरखेड़ा में हुई बैठक

### जिला अध्यक्ष और विधायक रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत बुधवार को शिप्रा बरोठा एवं राजोदा मंडल के बरखेड़ा गांव में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।बैठक में सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से लेते हुए अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने, पात्र नागरिकों के नाम सुनिश्चित रूप से शामिल कराने तथा प्रत्येक मतदाता तक पहुँचने के लिए प्रेरित किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव ने कहा कि "मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। यदि सूची सटीक और पूर्ण होगी, तभी लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होगी। हम सभी कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान अधिकार से वंचित न रह जाए। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता घर-घर जाकर जानकारी लें और सभी नए मतदाताओं का पंजीयन सुनिश्चित करें।"वहीं हाटपिपलिया विधायक मनोज चौधरी ने कहा कि "मतदाता सूची का पुनरीक्षण केवल चुनाव की तैयारी नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने का अभियान है। यह हमारा कर्तव्य है कि हर युवा, हर पात्र नागरिक का नाम सूची में जुड़वाएं। इससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और जनता की भागीदारी सशक्त होगी।" इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत सदस्य शिवम चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुलदीप पटेल, विधानसभा प्रभारी बापू धौसारिया, सह प्रभारी अभय जोनवाल, मंडल अध्यक्ष जगदीश चौधरी, विश्वास उपाध्यक्ष, रविंद्र सिंह ठाकुर सहित मंडल पदाधिकारी एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## श्रद्धा से मनाई गुरु नानक जयंती, गुरुद्वारे में दिनभर हुए धार्मिक आयोजन

**देवास।** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती (गुरुपर्व) बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। एबी रोड स्थित गुरुद्वारे में विशेष धार्मिक कार्यक्रम हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रमों की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। इसके बाद शबद कीर्तन और गुरुवाणी का पाठ हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से गुरु के उपदेशों को सुना और उनका स्मरण किया। गुरुद्वारे में अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा की। इस अवसर पर गुरुद्वारे को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया। सुबह से ही पूरे परिसर में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा।



## शहर के व्यापारियों का निगम संबंधी लायसेंसो का सर्वे शुरू

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम द्वारा शहर में संचालित ऐसे व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सर्वे किया जा रहा है जो बिना अनुज्ञा प्राप्त किए अपना व्यापार संचालित कर रहे हैं। नियमों के अनुसार, निगम सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का व्यापार प्रारंभ करने से पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। इस नियम का पालन सुनिश्चित कराने हेतु निगम की विशेष टीम द्वारा अनुज्ञा अधिकारी हरेंद्रसिंह ठाकुर के द्वारा टीम के साथ सर्वे कार्य किया जा रहा है। टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जाकर प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है एवं यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान निगम से विधिवत अनुज्ञा प्राप्त कर ही अपना व्यवसाय संचालित करें। बिना अनुज्ञा प्राप्त किए व्यापार करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध ट्रेड लाइसेंस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। आयुक्त ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे शीघ्र आवश्यक दस्तावेजों सहित निगम में आकर अपना ट्रेड लाइसेंस नवीनीकरण अथवा नया अनुज्ञा पत्र प्राप्त करें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके।

# एनडीआरएफ-एसडीआरएफ ने मॉकड्रिल के तहत खराब हुए रोपवे से फंसे हुए व्यक्ति को निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

माता टेकरी पर बुधवार को रोपवे ट्राली में एक व्यक्ति के फंसे होने की सूचना के बाद हडक्रंप मच गया। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम भोपाल चौराहे पर पहुंची। टीम द्वारा संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाकर रोपवे में फंसे एक व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद उसे मेडिकल चैकअप के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, यह पूरा घटनाक्रम बुधवार को हुई एक मॉकड्रिल का हिस्सा था।



उल्लेखनीय है कि माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर यह रोपवे संचालित हो रहा है। इस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता टेकरी पहुंचते हैं। भविष्य में अगर रोपवे ट्राली में कुछ समस्या आती है तो ट्राली से श्रद्धालुओं को सुरक्षित और समय रहते निकाला जा सके, इसी को ध्यान में रखकर समय-समय पर यह मॉकड्रिल की जाती है। प्लाटून कमांडर वीना कौशल (होमगार्ड, देवास) ने बताया कि, एनडीआरएफ टीम एसडीआरएफ टीम द्वारा मॉकड्रिल की गई। यह मॉकड्रिल समय समय पर कि जाती है। अगर कुछ इमरजेंसी होती है तो त्वरित कार्रवाई टीम द्वारा की जा सके। एक विक्टिम तकनीकी समस्या के चलते रोपवे ट्राली रुकने से उसमें फंसा हुआ था जिसे टीम द्वारा सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसका यही उद्देश्य है कि रोपवे ट्रॉली के कारण किसी भी प्रकार की कुछ समस्या उत्पन्न ना हो और टीम की प्रैक्टिस भी इसके माध्यम से समय समय पर होती रहती है।

# खाटू श्याम मंदिर की खुली दान पेटी, धनराशि के साथ मिली श्रद्धालुओं की अर्जी लगी चिट्ठियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

बुधवार सुबह नेवरी फाटे पर स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर की दानपेटी खाली कर समिति द्वारा नोटों की गिनती शुरू की गई। नोटों की गिनती सुबह 12 बजे शुरू हुई जो शाम 4:00 बजे तक चलती रही। दान पेटी की राशि गिरने में लगभग 15 से 20 लोग लगे हुए थे। समिति सदस्यों द्वारा बताया गया की दान पेटी से सैकड़ो चिट्ठी पर्ची निकली है जिसमें श्याम भक्तों द्वारा बाबा श्याम से सभी तरह के मांग की गई है। किसी ने मकान बनाने की, तो किसी ने परीक्षा में पास होने की। वही किसी ने उधार पैसा चुकाने की भी अर्जी लगाई है। उधार पैसा लोगों से निकलवाने की बाबा श्याम से मन्नत मांगी। हर तरह की पर्ची बाबा श्याम की दान पेटी से निकली। वही कई चांदी के सिक्के एवं अमेरिकी डॉलर एवं नेपाल का सिक्का भी दान पेटी से निकला।

### स्व. जोशी की 27वीं पुण्यतिथि पर हुआ विराट कवि सम्मेलन

# पापा की याद में आंसुओं से भीग गया कवि सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

माँ लाल बाई फूल बाई मंदिर के मुख्य पुजारी स्व. ओम प्रकाश जोशी की पावन स्मृति में आयोजित यादगार कवि सम्मेलन का शुभारम्भ हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष भेरूलाल अटारिया, एस. डी. ओ. पी बागली सृष्टि भार्गव ने दीप प्रज्वलन कर किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम के आयोजक कौशल जोशी ने दिया। वरिष्ठ समाजसेवी माँ लालबाई फूलबाई माताजी मंदिर प्रमुख पुजारी स्व.पं. ओमप्रकाश जोशी की 27वीं पुण्यतिथि पर भव्य विराट कवि सम्मेलन का आयोजन नेवरी में किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मनोज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया, बागली जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर, ग्राम पंचायत नेवरी सरपंच प्रीति रावल, बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव, हाटपिपलिया मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कवड़िया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संतोष गोठी, नवीन पाटीदार, सरपंच उमेश पटेल, अनोप सिंह, गुलाब सिंह चौहान, अनिरुद्ध सिंह पंवार, लक्ष्मण सिंह परिहार, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जगदीश जोशी,अनिल गुप्ता, अशोक शर्मा, प्रदीप रावल, अनोखी जाट, नाथूसिंह सेंधव द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्व. ओमप्रकाश जोशी की 27 वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।स्वागत भाषण कविता के रूप में पूज्य पिताजी को समर्पित करते हुए वीरेंद्रपुरी गोस्वामी द्वारा दिया गया। इसके उपरांतमुख्य अतिथि विधायक मनोज चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शब्दांजलि दी। अपने विचारों में चौधरी ने कहा कि जब देश में युद्ध की स्थिति बनती थी तो सैनिक को के साथ कवि जाया करते थे, कवि की कलम वह होती है जिसमें निर्भीक और सच्चाई लिखने की ताकत होती है। इसी के साथ कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि पं. अशोक नागर, देव कृष्ण व्यास, अंतरराष्ट्रीय मंच संचालक कुलदीप रंगीला, फिल्म गीतकार मनोज दुबे, अंतर्राष्ट्रीय कवित्री सुमित्रा सरल, वाह-वाह हास्य फेम राजेंद्र जैन, मालवा हास्य स्टार दादा हजारीलाल, गीत गजल अंकिता पांचाल, नेहा नीर, हास्य कवि दिनेश अनल ने अपनी कविताओं के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया।कार्यक्रम का ₹शीर्षक₹ बहुत याद आती है पापा तुम्हारी₹* गीत पर कवि सम्मेलन के मुख्य सूत्रधार पं. कौशल जोशी स्वयं कवि मनोज दुबे की कविता की पंक्तियों को साथ गाते हुए भावुक हुए।कार्यक्रम के मध्य प्रभावती जोशी का सम्मान म.प्र.सर्व पुजारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष मं. ओंकारदास वैष्णव, मदन दास वैष्णव, पं.राजेंद्र पाठक, कैलाश दास वैष्णव के द्वारा किया गया।कवि सम्मेलन में कविताओं के मंच संचालन पर संचालक के साथ सौपुत्र सम्मान जोशी ने उपस्थित श्रोताओं को मोहित किया। जोशी परिवार की बेटीयां आभा व आस्था ने मंचासीन अतिथियों व कविगण को अपने दादा की स्मृति में कवि सम्मेलन में आने के लिए स्वागत किया।जोशी परिवार की ओर से उपस्थित श्रोताओं की अगवानी व व्यवस्थाओं को कल्पना जोशी द्वारा संपादित किया गया।उक्त भव्य एवं विराट कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोवर्धन पांचाल, ओम प्रकाश रेनीवाल, नटवर जोशी, हेमराज पाटीदार,मनीष कानूनगो विनोद पाठक, गौरव चंद्रवाल, चिंतामण विश्वकर्मा, राजेश श्रीवास्तव, अशोक चौधरी राधे, माणक पाटीदार, लाखन सिंह राजपूत,धनपाल,जितेंद्र गोस्वामी, सोनू उपाध्याय,प्रवीण मोदी, मुकेश प्रजापति,छोगालाल परमार, रूपेश बरेठा आदि का सहयोग प्राप्त हुआ। प्रेस मीडिया की ओर से सुरेश सिंह कछावा, नरेंद्र सिंह चौहान, सौरभ मोदी का योगदान प्राप्त हुआ।

# कार्तिक पूर्णिमा पर रानी दमयंती तालाब की पाल पर महिलाओं की उमड़ी भीड



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा तिथि पर किया गया कोई भी शुभ कार्य कई गुना फल प्रदान करता है। इस वर्ष ज्योतिष गणना के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर बुधवार को सिद्ध योग और अश्विनी नक्षत्र का दुर्लभ सहयोग बना है जिसने इस दिन के महत्व को और भी बढ़ा दिया। ज्योतिष ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा ईश्वरीय जुड़ाव शुद्धि और भक्ति का दिन है। यह मांस समाप्ति का भी सूचक है जिसे सनातन धर्म में अत्यधिक महत्व दिया जाता है। पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 4 नवंबर की रात से हुई और समापन 5 नवंबर की रात को हुआ। उधात तिथि होने के कारण तिथि स्नान और दान पूर्ण का कार्य 5 नवंबर बुधवार को हुआ। पिछले एक माह से महिलाएं कार्तिक स्नान सुबह सूर्य उदय से पहले उठकर करती है जिसका आज समापन होता है। जहां बड़ी संख्या में महिलाएं शिप्रा, नर्मदा, कालीसिंध नदियों व राजा नल, रानी दमयंती तालाब शक्ति माता मंदिर तालाब की पाल पर पहुंच कर पूजन पाठ कर दीप प्रज्वलित कर तालाब में दीए छोड़े गए। शाम के समय सैकड़ो की संख्या में बच्चे व महिलाएं भौरासा नगर के रानी दमयंती तालाब की पाल पर पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### पुत्री को बहलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को सुबह करीब 5 बजे उसकी 20 वर्षीय पुत्री बिना बताये घर से चली गयी थी। उसकी पुत्री की शादी ग्वालियर निवासी युवक से 22 नवम्बर को होना तय हुयी थी। जानकारी करने पर पता चला कि उसकी पुत्री को ग्राम कड़ेसराकलां निवासी सागर अहिरवार बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि उसकी पुत्री अपने साथ सोने-चांदी के जेवरात व 40 हजार रुपये नकदी और मोबाइल फोन साथ में ले गयी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सागर अहिरवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एकराय होकर पति पर हमला करने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम ककड़ारी निवासी राजकुमारी रजक पत्नी मनोज कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को शाम 5 बजे उसका पति मनोज रजक घर के पास आम रास्ता पर था, तभी गांव के बृगभान सिंह पुत्र कलुआ, राजकुमार रजक पुत्र बृगभान, नरेन्द्र रजक पुत्र बृगभान सिंह ने एकराय होकर उसके पति को लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दहेज में दो लाख रुपये मांगते हुए महिला को निकाला

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला नदीपुरा बड़ी तकिया के पास रहने वाली प्रतिभा पटेल उर्फ अलीशा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 15 अप्रैल 2025 को उसने अपने पति अजहर अली के खिलाफ मु.अ.सं. 556/2025 दर्ज करायी थी। आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अजहर अली ने बीती 14 जुलाई को उसे अपने झांसे में लेकर इकरारनामा के जरिए शादी कर ली और अपनी बच्ची को व उसे अपना लिया। बताया कि 31 अक्टूबर की सुबह 10 बजे जब पीड़िता घर में थी, तभी अजहर अली, उसकी मां सितारा बानो, भाई आफताब, अनस अली एकराय होकर आये और अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग करते हुये गालियां देकर मारपीट करने लगे। महिला ने बताया कि ससुरालियों से मारपीट का जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुयेउसे नाबालिग पुत्री के साथ घर से निकाल दिया। अब पीड़िता के पास रहने, खाने की कोई व्यवस्था नहीं है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अजहर अली, सितारा बानो, आफताब व अनस अली के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर किया अपमानित

**ललितपुर।** थाना बार के ग्राम पंचायत करमई अंतर्गत राजस्व ग्राम पुरापाचौनी निवासी जितेन्द्र पुत्र रामलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 1 नवम्बर को शाम करीब 7 बजे ग्यारस के दौरान गांव के तिजू पुत्र लछ्छु, सूरे पुत्र अनन्दी, इमरत पुत्र चऊदे, बन्दू पुत्र चिमन के साथ जितेन्द्र ने बाबा जू चबूतरा के पास पूजन को गये हुये थे। तभी चबूतरा के पास विनोद पुत्र रामस्वरूप, अमित पुत्र विनोद उर्फ परमानन्द, अंकित पुत्र शिवसागर, शिवसागर पुत्र रामस्वरूप, अनुपम पुत्र बद्रीप्रसाद मिश्रा ने एकराय होकर सभी को गालियां दीं और कहा कि यहां आने की हिम्मत कैसे हुये। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर धमकाया। घटना का जितेन्द्र ने वीडियो भी बना लिया, तभी अमित पुत्र विनोद ने मोबाइल छीनकर तोड़ दिया, जिसेमें कुछ वीडियो साक्ष्य के तौर पर हैं। पुलिस ने जितेन्द्र की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ फआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व

# ज्ञानी गुरबचन के रागी जत्थे ने गुरबाणी कथा कीर्तन से संगत को निहाल किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीगुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वधान में चल रहे 11 दिन के प्रोग्राम का आज समापन हुआ। सुबह श्रीअखंड पाठ का समापन मनिंदर सिंह मंगे द्वारा हुआ। लंगर की सेवा रमेश चंद आनंद, पत्रकार जसपाल सिंह बंटी, सुरजीत सिंह काके, स्त्री साध संगत द्वारा हुई। इस दौरान छोटे बच्चे सर्वजीत सिंह, अक्षित तिवारी, अनाया सलूजा व अन्य बच्चों ने भी गुरुबाणी कीर्तन कर संगत का मनमोह लिया। उपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह व ज्ञानी ईश्वर सिंह व नांदेड हजूर साहब से आए ज्ञानी गुरबचन सिंह के रागी जत्थे ने गुरबाणी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करा। धार्मिक कट्टरता के वातावरण में उदित गुरु नानक ने धर्म को उदारता की एक नई परिभाषा दी। उन्होंने अपने सिध्दान्तों के प्रसार हेतु एक संन्यासी की तरह घर का त्याग कर दिया और लोगों को सत्य और प्रेम का पाठ पढ़ाना आरंभ कर दिया। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन को सरोपा भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह, मंत्री मनजीत सिंह पत्रकार, चरणजीत सिंह, परमजीत सिंह, गुरमुख सिंह, पर्सन सिंह, वीरेंद्र सिंह, डा.जे.एस.वालिया, डा. सौरभ देवलिया, आनंद सिंह, सतनाम सिंह, जगजीत सिंह, पलविंदर सिंह, गौरव सिंह, सूरज सिंह, अवतार सिंह, बिंदु कलरा, मानवेंद्र कौर, मंजीत कौर, अमरजीत कौर, मीनू सलूजा, रोजी अरोड़ा, ख्याति कालरा, प्रीति अरोड़ा, अशोक स्वर्णकार, गिन्नी परमार, तरनदीप सिंह, गोपी सिंधी, भगत सिंह, मनीष डोडवानी, बलजीत सिंह, तरनजीत, शुभ आनंद, बॉबी आनंद, गुणबीर सिंह, हरजीत सिंह, अंकुर बाबा, पार्षद रमेश गांधी, राजेश दुबे, धर्मेंद्र चौबे आदि मौजूद थे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

### गुरुनानक जयंती पर हुईं प्रतियोगिताएं



ललितपुर। कार्तिक पूर्णिम पर श्रम विभाग व लखनऊ विश्वविद्यालय समाज शास्त्र विभाग से संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देवजी की 556वीं जयंती (गुरु पर्व/प्रकाश पर्व) बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। विद्यालय की अधीक्षिका सावित्री की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में हिंदी शिक्षिका अंकिता, विज्ञान शिक्षिका जागृति, गणित शिक्षिका आकांक्षा तथा छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सर्वप्रथम गुरु नानक देव चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये गये। इस दौरान निबंध और कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने चार्ट पेपर पर गुरु नानक देवजी का आकर्षक चित्र बनाकर उनका स्मरण किया। इसके अतिरिक्त, छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता और कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया, जो गुरु जी के प्रति उनकी आस्था और सीखने की ललक को दर्शाता है। इस आयोजन ने छात्राओं को गुरु नानक देवजी के मानवतावादी संदेशों को आत्मसात करने और उसे जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

## परिचर्चा का आयोजन किया

# आदिगुरु नानकदेव भगवान के ही अलौकिक स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव के अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि मध्यकालीन भक्ति सरोवर की सबसे बड़ी हिलोर के रूप में अवतरित होकर गुरुनानक देव जी ने अपने युग में शान्तिदूत बनकर जागृति का अलख जगाया । उन्होंने स्वेच्छाचारीऔर निरंकुश शासकों को ललकारते हुए अपनी वानियों में कहा कि - राजा लोग सिंह के समान हिंसक और चौधरी लोग कुत्ते के समान लालची हो गये हैं । उनके नौकर-चाकर अपने तीखे नाखूनों से घाव करके जनता का खून चूसते हैं । ऐसे ही जनविरोधी कुशासकों को उन्होंने सावधान करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति जन-जन में पंच-परमेश्वर का दर्शन करती है । गुरुनानक देव ने अपने ज्ञान और अनुभव के सागर को अपनी अनमोल कृति जपुजी में उड़ेल दिया । इस महान रचना में सत्यस्वरूप भगवान की उपासना है । हम सत्यनिष्ठ कैसे बनें ? ऐसा आरम्भ में प्रश्न उपस्थित किया और अंत में सत्यखण्ड में हमें पहुंचा दिया । बीच में साधना का वर्णन किया । साधना सर्वसमावेशक है , जिसके आठ अंग आखिर की पौड़ी में निर्दिष्ट हैं । सम्पूर्ण साधना निरभउ निरवैरु के ताने-बाने में बुनी हुई है । मानव के सामने आज जो समस्यायें पेश हैं उनका समाधान इन दो शब्दों में मास्टरकी की तरह किया गया है । अंततः हमें एक न एक दिन आडम्बर और दिखावे को छोड़कर रूहानियत के रास्ते पर चलना ही पड़ेगा । इसीलिए नानकदेव कहते हैं।

### आई पंथी सगल जमाती, मनि जीतै जगु जीतु

जपुजी में धर्म का निचोड़ रखा गया है । गुरुनानक देव ने अपनी अंतिम उम्र में सारी यात्रा समाप्त करने के बाद इस महान ग्रन्थको लिखा है । परमेश्वर के नाम अनंत हैं लेकिन उन्हें एक नाम जो सतनाम से जाना जाता है , अत्यन्त प्रिय है । इस तरह सत्य की खोज में विज्ञान और आत्मज्ञान स्वभाविक रूप से एकमेक हो जाते हैं । सत श्री अकाल इसीलिए सिखों का मूलमंत्र है । भगवान को गुरू रूप में देखा गया है । जो जपु से शुरू होता है । हम अपना अहंकार और वासनाएं जब छोड़ेगें तभी सच्चे बन सकेंगे और तभी असत्य का पर्दा टूट सकेगा । मुख्य बात है सत्य का दर्शन । अपने को कायम रखकर सत्य का दर्शन नहीं होता हैं । अपने को मिटा दें , हटा दें , दूर करें तो चिंतन की प्रक्रिया ठीक चलेगी और सहज ही स्वच्छ प्रकाश मिलेगा। फिर उस पर चलना आसान हो जायेगा ।

## बजरंग सेना संगठन की बैठक संपन्न

# शौर्य दिवस पर अयोध्या धाम यात्रा की बनाई गई रूपरेखा



**ललितपुर ।** बजरंग सेना संगठन की मासिक समीक्षा बैठक वार्ड नंबर 8 सेवनी मोहल्ला श्री गोंड बाबा मंदिर पर सम्पन्न हुई मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीकांत कुशवाहा उपसभापति और बजरंग सेना उत्तर प्रदेश प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर खड़ेरा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर दीपक पस्तोर जिलाध्यक्ष ने की बैठक का संचालन दीपक त्रिपाठी पंडा जिला उपाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ ने किया। सभी अतिथियों का संगठन के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्मृतिचिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया। बैठक की शुरुवात श्री हनुमान चालीसा जी के पाठ से शुरू हुई जिसमें सभी पदाधिकारियों ने पूरे मंत्रमुग्ध होकर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया, प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर खड़ेरा द्वारा जिला की टीम की बहुत प्रसंशा करते हुए बताया कि जिले के हर एक मुद्दे पर बजरंग सेना संगठन बहुत अच्छा कार्य कर रही है और सभी सामाजिक धार्मिक मुद्दों पर संगठन को पूर्ण एकता के साथ कार्य करने का आदेश दिया। संगठन में शामिल हुए सभी नव नियुक्त तहसील ब्लॉक नगर ग्राम पंचायत के पदाधिकारीयो को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें माला पहनाकर सम्मान देते हुए संगठन में शामिल किया गया।

नव नियुक्त पदाधिकारीयो में दीपक त्रिपाठी पंडा जिला उपाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ,संतोष कुशवाहा नगर मंत्री, शिव कुमार चंदेल जखौरा ब्लॉक अध्यक्ष,अनुराग विदुआ तहसील अध्यक्ष महरौनी,हरिशंकर दीक्षित बिरधा ब्लॉक प्रभारी,राजू चंदेल ग्राम पंचायत अध्यक्ष मसौरा खुर्द,अनिल चौबे नगर महासचिव, सोनू सोनी अध्यक्ष वार्ड नंबर 8,हेमंत कुमार चौरसिया नगर मंत्री,छोटू यादव वार्ड उपाध्यक्ष जुगपुरा,सतीश तिवारी नगर महासचिव,जय कुमार पंथ नगर प्रभारी युवा मोर्चा,शिवम तिवारी वार्ड अध्यक्ष 23 रावतयाना,निशांत राजा ग्राम पंचायत अध्यक्ष तालगांव,सोनू कुशवाहा ग्राम पंचायत अध्यक्ष पठा,राहुल रिछारिया तहसील उपाध्यक्ष महरौनी,राजेंद्र साहू वार्ड उपाध्यक्ष जुगपुरा वार्ड नंबर 8,लखन प्रजापति बार ब्लॉक प्रभारी,आरती रायकवार नगर महिला मोर्चा सदस्य,पूजा कुशवाहा सदस्य नगर महिला मोर्चा,विनय तिवारी नगर उपाध्यक्ष,अनुराग पटेरिया नगर मंत्री,फौजी राजा ग्राम पंचायत अध्यक्ष कुआंतला,आदि सभी पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर द्वारा सभी को बैठक में 6 दिसंबर शौर्य दिवस पर श्री अयोध्या धाम में होने वाले अनेक सांस्कृतिक धार्मिक आयोजन में शामिल होने की अपील की। आयोजन में जिला मुख्य सलाहकार विकास सोनी, जिला संयोजक ख़ुसाल समैया, जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक नायक, प्रदेश प्रभारी महिला मोर्चा कविता पस्तोर, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रतिभा कौशिक मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी की कामकाजी बैठक संपन्न

# एक भारत श्रेष्ठ भारत की तर्ज पर 8 किमी की पद यात्रा

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की एक कामकाजी बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा अनिल यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा पुंज पं दीनदयाल उपाध्याय एवं डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि उच्च नेतृत्व के निर्देश पर इस समय भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत बहुत से कार्यक्रम चल रहे हैं और इन अभियानों में हमारे कार्यकर्ता की सीधी भूमिका तय होगी और इसके लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व सोंपे जा चुके हैं सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वर्तमान में चल रहे कार्यक्रमों को जुट कर सफल वनाने का प्रयास करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें राजनीतिक दल होने के नाते विभिन्न क्षेत्र में विभिन्न चुनावों में जीतने की आवश्यकता है। क्यों कि लोकतंत्र में जीत ही हमें प्रासांगिक वनाती है ।उन्होंने कहा कि इसी नगर पालिका में हम जीत गए जो आप सब कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल है उन्होंने कहा कि अगर इस चुनाव का परिणाम विपरीत हो जाता तो पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय वन जाता।

उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अन्तर्गत दस नबम्बर से वीस नबम्बर तक हमारे यहां आठ किलोमीटर की पद यात्राओं का आयोजन अभियान चलाया जाएगा जिसमें हर दो किलोमीटर पर विश्राम होगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी की देड़ सौवीं जन्म जयंती के अवसर पर चल रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत बहुत से अभियान सरदार पटेल को समर्पित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर नेहरु जी की जगह सरदार पटैल ने कश्मीर विलय का भी प्लान अपने हाथ में ले लिया होता तो जो समस्या बाद में हमारे सामने आयीं वह नहीं आयीं होती । उन्होंने कहा कि नेहरू जी ने महाराज कश्मीर से खुन्नस होने के कारण शेख अब्दुल्ला को बढ़ावा दिया और बाद में भारत को आधा कश्मीर खोना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री बनने हेतु उन दिनों पन्द्रह कांग्रेस प्रांतीय कमेटियों में से ज्यादातर सबने सरदार पटेल को चुना था लेकिन नेहरू जी अड़ गये और जबरन प्रधानमंत्री बने । भारतीय इतिहास की यह पहली वोट चोरी थी जो नेहरू जी ने की थी । उन्होंने कहा कि पांच नबम्बर को बन्दे मातरम गीत की देड़ सौ वीं जयंती मनाई जा रही है । बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने अठारह सौ पचहत्तर में अपने उपन्यास आनन्द मठ में इसे लिखा था । बंग-भंग आन्दोलन के बाद तो कांग्रेस अधिवेशन में यह गाया जाता था लेकिन तुष्टिकरण के चलते इसका गायन बन्द हो गया ।बाद में आजादी के बाद राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद ने इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्रदान किया।सात नबम्बर को यह गीत सामूहिक रूप से गाया जायेगा।

### एसआईआर वोटर अभियान में कार्यकर्ताओं को सहभागिता करनी होगी

एसआईआर वोटर अभियान में भी हमारे कार्यकर्ताओं को सहभागिता करनी होगी । इसमें दो हजार तीन से बाद के वोटर को अपनी जानकारी देकर सघन परीक्षण कराना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह लग कर स्नातक विधायक क्षेत्र के वोटर वनवाने का कार्य करें और हर जिम्मेदार कार्यकर्ता कम से कम पचास वोटर वनाये। इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत,और अन्य अभियान सफल बनाने के लिए प्रयास करें। अन्त में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बरिष्ठ नेता अशोक कुमार गोस्वामी, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कुलदीप जी,, पूर्व अध्यक्ष हरीराम निरंजन, रमेश कुमार सिंह,राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया,, जिला उपाध्यक्ष आशीष रावत, हरी सिंह बुंदेला, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, किरण सैन,जिला मंत्री प्रतापसिंह बुन्देला, कौस्तुभ चौबे, अशोक कुमार रावत, गौरव गौतम जिला पंचायत सदस्य मानसिंह यादव, रुचिका बुन्देला, सुनीता पंथ, लक्ष्मी रावत, ध्रुव सिंह सिसौदिया,अवतार सिंह लोधी, अरविंद कौशिक, दीपक पाराशर, रुपेश साहू,सुरेन्द्र प्रताप सिंह करमरा,व्लाक प्रमुख विजय सिंह गोलू, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, नगर महामंत्री मनोज मौजूद रहे।

## विरोध करने पर महिला से मारपीट, एफआईआर दर्ज

# मसूर की फसल ट्रैक्टर चलाकर रौंद दिया, जमीन पर कब्जे का प्रयास

**ललितपुर।** महरौनी अंतर्गत ग्राम अण्डेला निवासी अमान पुत्र भईयन रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसने अपनी ललितपुर के मैनबार गांव स्थित आराजी 1186/6 में मसूर की फसल बोई थी, जो करीब 1 माह की हो गयी थी। आरोप है कि उसकी आराजी को मैनवार के विन्द्रावन, गंगाराम व जयराम पुत्रगण शोभाराम व शोभाराम पुत्र दिवू ने 2 नवम्बर की अपराह्न 3 बजे उसकी मसूर की फसल में ट्रैक्टर चलाकर जोतकर नष्ट कर दी, तो जैसे ही उसके परिवार के लोगों को पता चला। शाम 4 बजे उसकी बहू रामदेवी पत्नी खेमचंद्र खेत पर पहुंची और उक्त लोगों को खेत पर जबरन कब्जा करने से रोक तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसकी बहू से मारपीट की, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। शोरगुल सुनकर बचाव करने पहुंचे कमलेश पुत्र भगवत, माया पत्नी गब्बर, गब्बर पुत्र भैयन ने घटना देखी, जिन्हें उक्त लोगों ने जान से मारने की धमाकी देते हुये ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया। घटना की सूचना 108 एम्ब्युलेंस को दी। जिससे एम्ब्युलेंस से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि उक्त लोग गरीबों की लोगों की जमीनों पर कब्जा करते रहते हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पुलिस कर ही घटना के कारणों की जांच

# युवक का शव बांध के गहरे पानी से बरामद किया, डी फार्मा कर रहा था

**ललितपुर।** बांदा स्थित स्वास्थ्य विभाग में वरिष्ठ लिपिकके पुत्र का शव बुधवार को गोविन्द सागर बांध के गहराई वाले क्षेत्र से बरामद कर लिया है। मंगलवार की देर रात से गायब था। बुधवार सुबह उसकी स्कूटी गोविंद सागर बांध के पास खड़ी मिली, जबकि उसकी चप्पलें पानी में तैरती पाई गईं। मोहल्ला इलाइट निवासी अविनाश की एक्टिवा गाड़ी बुधवार सुबह गोविंद सागर बांध के मुख्य गेट पर मिली। उसकी चप्पलें बांध के पानी में तैर रही थीं और चश्मा सलूज पर पड़ा मिला। इन वस्तुओं के मिलने से युवक के पानी में छलांग लगाने की आशंका गहरा गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से अविनाश की तलाश शुरू कर दी। गोताखोर पिछले छह घंटे से बांध के पानी में उसकी खोजबीन कर रहे हैं। परिजनों के अनुसार, अविनाश मंगलवार रात करीब तीन बजे बिना किसी को बताए घर से एक्टिवा लेकर निकला था। इससे पहले, रात करीब दो बजे वह बांदा शहर से लौट रहे अपने पिता को रेलवे स्टेशन से घर लेकर आया था। अविनाश के दोस्तों ने बताया कि मंगलवार रात करीब 12 बजे उसने वीडियो कॉल पर उनसे बात की थी।

## जैन अटा मंदिर में सिद्धचक महामंडल विधान का हुआ शुभारंभ

# हमें अपनी आत्मा को पवित्र बनाना चाहिए जिससे परमात्मा अपनी आत्मा में प्रकट हो सकें: आचार्य निर्भय सागर

**ललितपुर।** जैन अटामंदिर में वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भय सागर महाराज ने कहा हमें अपनी आत्मा को पवित्र बनाना चाहिए जिससे परमात्मा अपनी आत्मा में प्रकट हो सकें। जीवन में विधान ही पुण्य का कारण है। जहां बोलने से धर्म की रक्षा होती हो प्राणियों का उपकार होता हो वहां विना पूछे ही वोलना और जहां आपका का हित नहीं हो वहां मौन ही रहना उचित है। उन्होंने कहा जो व्यक्ति दूसरों की निंदा आलोचना करता है वह दूसरों की आत्मा रूपी घर को तो साफ कर रहा है लेकिन अपनी आत्मा रूपी घर में सारा कचरा भर रहा है। जैन अटा मंदिर में वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज के सानिध्य में सिद्धचक महामण्डल विधान में सिद्धों की आराधना करने का पुण्यार्जन वीरचंद विपिन सरार्फ परिवार को हुआ।

विधान के शुभारम्भ पर श्रावक श्राविकाओं ने आयोजन स्थल से घटयात्रा निकली जिसमें महिलाए मंगल कलश लेकर प्रभावना कर रही थी। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यह यात्रा विधान स्थल पर पहुंची जहां आचार्य श्री के सानिध्य में विधानाचार्य ब्रहमचारी पारस प्रशम भैया ने सौधर्म इन्द्र नीतू विपिन सराफ, उषा मुकेश बेटिया महायज्ञनायक, राजकुमारी विपुल जैन कुवेर इन्द्र, सुनीता अभय जैन मैनासुन्दरी, राजकुमारी सुरेश सराफ भरत, अंजू रमेश सराफ वाहुवलि, आशा मनोज सराफ ईशान इन्द, राहुल मयक सराफ सानत इन्द्र, प्रीति आशीष सराफ महेन्द्र, प्रीति भरत सराफ ब्रहम इन्द्र के रूप में प्रमुख पात्रों की शुद्धि हुई। विधान का ध्वजारोहण वीरचंद सराफ द्वारा किया मंत्रोच्चार के साथ आचार्य श्री ससंघ के सानिध्य में हुआ। विधान पुर्याजक परिवार ने कार्यकम के प्रारम्भ में आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट करने का पुण्यार्जन किया। इस मौके पर जैन पंचायत अध्यक्ष डा० अक्षय टड़या, महामंत्री आकाश जैन, प्रबंधक मनोज जैन बबीना,अजय जैन, सनत खजुरिया, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, अमित सराफ अनीता मोदी, सिलोचना जैन की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## श्रीबालाजी सरकार का सवामनी हवनोत्सव हुआ संपन्न

# बालाजी सरकार का नयनाभिराम श्रृंगार किया



**ललितपुर।** तालाबपुरा डोंगडाघाट स्थित श्रीजुगल किशोर हवलदार बालाजी सरकार मन्दिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा पर हवनोत्सव एवं प्रसाद वितरण किया गया। एक दिन पूर्व 4 नवंबर को सर्वप्रथम सुंदरकांड किया गया। इसके बाद 5 नवंबर को सुबह हवनोत्सव किया गया, जिसमें विभिन्न जगह से आये श्रद्धालुजन ने अपनी अर्जियां लगाई गई। 32 सवामनी बालाजी सरकार को अर्पित की गई। बालाजी सरकार का नयनाभिराम श्रृंगार रूपेश शर्मा ने किया गया। हवन के मुख्य यजमान पं.अवध बिहारी चौबे बालाजी महाराज रहे। इस दौरान गुरू राजू महाराज ग्वालियर, आलोक राणा ग्वालियर, मुन्नू महाराज ग्वालियर, सुधात भार्गव, मब्बू महाराज गढ़ाकोटा, राजेन्द्र महाराज छतरपुर के अलावा मंदिर प्रबंधक पं.प्रियदर्शी शेखर, पं.दिनेश शर्मा, लोकेश शर्मा, प्रेम अग्रवाल, रामशरण अग्रवाल, जयप्रकाश सोनी, मुन्ना सोनी, नरेन्द्र साहू, रब्बू चौबे, रामशरण अग्रवाल, इमरत साहू, दिनेश साहू, ज्वाला पटेल, संतोष सोनी, पत्रकार दीपक सोनी, अरविन्द राजा मौजूद रहे।

## सूचना मिलने के बाद भी नहीं पहुंचा वन विभाग का अमला

# जिम्मेदारों की लापरवाही ने ली मूक हिरण के बच्चे की जान

### कुत्तों के हमले से घायल हिरण को बचाने ग्रामीणों ने किए हर संभव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-पीपलहेला



सुंदरहेडा गांव के बीच कृषि क्षेत्र में कुछ कुत्तों ने एक हिरण के बच्चे पर हमला कर दिया जिससे हिरण का घायल हो गया। उसको पीठ, पैर व शरीर के कई अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई थीं।

हिरण के बच्चे पर कुत्तों के झुंड को हमला करते देख पास के ही खेत में कृषि काम कर रही भूली बाई दांगी व उनके पति लक्ष्मीनारायण दांगी ने पास जाकर हिरण के बच्चे की जान बचने की देशी नुख्से के हिसाब से कपड़े को फाड़कर पट्टी बांधी गई और पानी पिलवाया। इतनी कोशिशों के बाद भी अंत में वन विभाग की टीम के पहुंचने के 5 मिनट बाद ही हिरण के बच्चे की मौत हो गई।

#### उपसरपंच भी तत्काल पहुंचे मौके पर

जैसे ही इस मामले की सूचना उप सरपंच प्रतिनिधि पंचायत खजूरिया बालाबगस दांगी को लगी तो वह भी तत्काल घटना स्थल पहुंच गए थे और हिरण के बच्चे को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए।

#### 'मेरी बीट नहीं है फिर भी मैं आया'

वन विभाग से कर्मचारी घीसालाल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मैं एक घायल जानवर को लेकर सुबह से ही नरसिंहगढ़ गया हुआ था और आपका फोन आया तो वहीं से सीधे यहीं आ गया। यह मेरी वीट नहीं है फिर भी में आया।

#### सूचना के बाद भी डायल 112 खड़ी रही होटल पर

देहात थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय को इसकी जानकारी दी गई तो उन्होंने बताया कि वो बाहर आए हुए हैं। आप डायल 112 पर सूचना दे दें और में खुद भी बोल देता हूं वन विभाग वालों को। टीआई के कहने के बाद जब 112 को कॉल किया गया तो उन्होंने घटना स्थल पर पहुंचने के बजाय डायल 112 को पीपलहेला जोड़ पर स्थित शिव शक्ति होटल पर ही खड़ा कर लिया और घटना स्थल पर पहुंचे ही नहीं। आखिर पुलिस और वन विभाग की लापरवाही के कारण ही घायल हिरण के बच्चे की जान नहीं बच पाई।

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत, अवैध नशा कारोबार पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

बगुची मोहल्ले के युवक पिंकेश पिता कुंदन जाटव उम्र 26 का शव मंगलवार सुबह बस स्टैंड के पास संदिग्ध परिस्थिति में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। प्रारंभिक जानकारी में युवक के नशे का आदी होने की बात सामने आई है, जिससे बढ़ते अवैध नशा कारोबार पर सवाल उठ रहे हैं। शहर में स्मैक व अन्य मादक पदार्थों की सप्लाई बढ़ने से युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। छोटा महादेव जैसे धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों में भी शराबखोरी आम होती जा रही है, जिससे पुलिस गश्त की कार्यवाही पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

# 2 तहसील नाजिरों की वेतनवृद्धि रोकी, तहसीलदार को नोटिस

### संवाद से समाधान के तहत लापरवाहियों पर कलेक्टर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा संवाद से समाधान कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है। इसके तहत किसी एक विभाग की 5 शिकायतों को कलेक्टर द्वारा शिकायतकर्ता के साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को साथ बैठाकर उनका समाधान किया जाता है, वहीं लापरवाही पर कार्यवाही की जाती है।

मंगलवार को राजस्व विभाग से जुड़ी 5 शिकायतों की समीक्षा की गई। एक शिकायत में बताया गया कि ग्रापं काशीपुरा के लक्ष्मण सिंह को आरबीसी 6-5 के तहत मिलने वाली सहायता राशि अभी तक नहीं मिली है। इस पर कलेक्टर ने राजगढ़ तहसील के पूर्व नाजिर एवं वर्तमान तहसील नाजिर की 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। एक शिकायत में आर्थिक सहायता की मांग थी जो कि काफी समय से लंबित रखी जा रही थी। इसमें कलेक्टर द्वारा छोटा बैरसिया निवासी आवेदक को उनकी दुकान में आगजनी पर 10 हजार की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस मद से उपलब्ध करवाई गई। इसी तरह राजगढ़ तहसील के हल्का नं. 18 की सूरजबाई द्वारा खसरे की नकल को ऑनलाइन अपडेट न किए जाने पर कलेक्टर ने मौके पर ही अपडेटेशन करवाया, वहीं राजगढ़ तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए।

#### तहसील में मौजूद नहीं मिला भूमि का रिकार्ड

एक अन्य मामले में उदपुरिया निवासी मोतीलाल तंवर की हल्का नंबर 15 में स्थित जमीन का नामांतरण न होने की शिकायत की थी। उक्त शिकायत की पूर्व में खिलचीपुर एसडीएम द्वारा जांच की जा चुकी थी जिसमें रिकार्ड उपलब्ध न होने की वजह से कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। इस पर कलेक्टर ने जिला रजिस्टार व रिकार्ड रूम शाखा प्रभारी को आवेदक का रिकार्ड ढूंढने का जांच करने के निर्देश प्रदान किए।

## अरविंद शर्मा एबीवीपी नगर अध्यक्ष व राकेश सौंधिया नगर मंत्री बने



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्यावरा द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस महाविद्यालय में छात्र सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री रोहित सोनी, जिला विस्तारक सौरभ प्रजापति, जिला प्रमुख देवेंद्र विमल, जिला संयोजक शुभम शर्मा, भाग संयोजक जीत शिवहरे एवं कई छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर कार्यकारिणी की घोषणा हुई जिसमें नगर अध्यक्ष अरविंद शर्मा एवं नगर मंत्री राकेश सौंधिया को बनाया गया। वहीं नगर उपाध्यक्ष राजेश शिवहरे, सोम सेन,यशवंत राजपूत,शैलेंद्र तथा सहमंत्री हार्दिक,सपना,धीर, आरती,जीत, महाविद्यालय संयोजक हरिओम, भूमिका, कार्यालय मंत्री अनिल, कलामंच प्रमुख जगदीश दांगी तथा सुमित सोंधिया को विद्यालय प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में सोनी ने कहा भारत में कई महापुरुष ऐसे रहे जिनके बारे में हमे बताया नही जाता या कम बताया गया है जैसे स्वामी विवेकानंद जी, सरदार बल्लभ भाई पटेल, तात्या टोपे,रानी लक्ष्मीबाई, टंट्या मामा,भगवान बिरसा मुंडा,अब्दुल हमीद, एपीजे अब्दुल कलाम,रानी अवंतिवाई,रानी अबक्का तथा राजमाता अहिल्याबाई होलकर। इतिहास के ऐसे शूरवीरों के विचारो को लेकर विद्यार्थियों के बीच जाकर उनके योगदान से हमे अवगत कराने का काम विद्यार्थी परिषद ने किया है। कार्यक्रम, आंदोलन तथा अभियानों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण कर राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से अपने योगदान को निभाने का ध्येय परिषद छात्र छात्राओं को देता है। भारत माता की जय के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बाल-सगाई, बाल-विवाह और महिला सुरक्षा पर लगातार चल रहे जागरुकता अभियान

# समन्वित प्रयासों से खत्म होगा बाल-विवाह का दंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



समाज में फैली कुप्रथाओं को जड़ से मिटाने एवं सुरक्षित व समानता आधारित वातावरण निर्मित करने की दिशा में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी एवं पुलिस विभाग द्वारा सरेड़ी गांव में सार्थक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था समुदाय की महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों के बीच बाल सगाई, बाल विवाह, महिला सुरक्षा और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना।

कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी राधिका भगत ने मुस्कान अभियान के तहत उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल-विवाह एक अपराध ही नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य से जुड़ा गंभीर सामाजिक अन्याय है। उन्होंने समझाया कि प्रारंभिक विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को बाधित करता है। साथ ही उन्होंने बालिका सुरक्षा, आत्मरक्षा और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी भी साझा की। राधिका भगत ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि किसी को भी बाल विवाह या बच्चों के उत्पीड़न की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस या अहिंसा टीम, चाइल्डलाइन 1098, 112 पर संपर्क करें।

#### गुड टच, बैड टच के बारे में बच्चों से किया संवाद

अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के मनीष दांगी ने कहा कि बाल विवाह केवल एक पारिवारिक निर्णय नहीं, बल्कि यह बच्चों के सपनों, शिक्षा और जीवन की संभावनाओं को खत्म कर देता है। समाज के सभी वर्गों को मिलकर इस समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के बीच सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श पर भी संवाद किया गया। पुलिस एवं अहिंसा टीम ने बच्चों को बताया कि यदि कभी कोई परिस्थिति असहज या डरावनी लगे, तो तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक, पुलिस या अहिंसा टीम के सदस्य को बताएं। बच्चों को कोमल मूवी के माध्यम से बाल सुरक्षा के महत्व को सहज और प्रभावशाली तरीके से समझाया गया।

## देव दीपावली पर महिलाओं ने किया दीपदान



**कालापीपल।** सनातन परंपरा के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार जब त्रिपुरासुर नामक राक्षस ने तीनों लोकों पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था, तब भगवान शिव ने इसी दिन उसका संहार किया था। इस विजय के उपलक्ष्य में देवताओं ने आनंद उत्सव मनाया और दीप जलाकर हर्ष प्रकट किया। तभी से देव दीपावली का शुभ पर्व आरंभ हुआ। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कालापीपल में महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव से दीपदान कर देव दीपावली का उत्सव मनाया। दीपों की ज्योति से संपूर्ण वातावरण आलोकित हो उठा, मानो देवता स्वयं धरती पर उतर आए हों।

**गतका कला का प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का विषय बना**

# गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर निकाली गई नगर कीर्तन शोभायात्रा



**ब्यावरा।** शहर में समाज बधुओं द्वारा सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर नगर कीर्तन शोभायात्रा का आयोजन किया। यह शोभायात्रा पंच प्यारो की अगुवाई में निकाली गई, जिसमें गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की पवित्र सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

शोभायात्रा में गुरु के लालों ने गतका कला का अद्भुत प्रदर्शन किया, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का विषय बना। घोड़े पर सवार गुरु का प्यारा सिख निशान साहिब लेकर सबसे आगे चल रहा था, जो श्रद्धा और वीरता का प्रतीक था। गुरु की संगत पूरे मार्ग में झाड़ू लगाकर पानी का छिड़काव कर पुष्प वर्षा करते हुए अपने गुरु का स्वागत कर रही थी। महिलाएं अमृतमयी कीर्तन और गुर्बाणी गायन करते हुए चल रही थीं कृ "अवल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बन्दे" जैसे पवित्र शब्दों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। छोटे-छोटे बच्चे 'बोले सो निहाल के जयकारे' लगाते नजर आए, वहीं बेटियां पंच प्यारी के रूप में सुसज्जित होकर किर्पान धारण किए हुए अपने गुरु की अगुवाई कर रही थीं। यह दृश्य संगत और श्रद्धा का अद्वितीय प्रतीक बना। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब पर संपन्न हुई, जहां सभी श्रद्धालुओं ने अरदास कर गुरु नानक देव जी के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

गौरतलब है कि गुरु नानक देव महाराज सिख धर्म के पहले गुरु हैं, जिनका जन्म तलवंडी (वर्तमान पाकिस्तान के लाहौर के निकट) में हुआ था। उनके पिता मेहता कालूचंद पटवारी थे। 'उन्होंने मानवता को "नाम जपो, कीरत करो और वंड छको" का संदेश दिया' तथा समस्त मानव जाति के कल्याण हेतु अपना जीवन समर्पित किया।'उनके जीवन का उद्देश्य था कृ समानता, सेवा और सत्य का मार्ग, जिसे उन्होंने अपने देश और विदेश की यात्राओं के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया। इस आयोजन के माध्यम से गुरुसिंह सभा ब्यावरा ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया, जिससे समाज में प्रेम, एकता और सेवा की भावना का संदेश प्रसारित हुआ।

# सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य परिवार की बैठक आयोजित

**कालापीपल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विद्या भारती के निर्देशन में मातृशक्ति जागरण हेतु सप्तशक्ति संगम कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में सरस्वती विद्या मंदिर कालापीपल के दोनों विद्यालयों में भी यह आयोजन 24 नवंबर, 6 दिसंबर, 13 दिसंबर और 20 दिसंबर को प्रस्तावित है।




कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य परिवार की योजना बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर वीणावादिनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष कमल सिंह परमार, व्यवस्थापक गोवर्धन सिंह पाटीदार, सप्तशती संगम की पालक अनीता भगवत सिंह राजपूत, विद्यालय प्राचार्य प्रवीण देशपांडे, एटीएल प्रभारी सुभाष काले तथा अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रभारी राजेंद्र देशमुख प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रवीण देशपांडे ने बैठक में सप्तशक्ति संगम की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह अभियान मातृशक्ति के संगठन, संस्कार और समाजोत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सशक्त करने हेतु समर्पित है। प्रत्येक विद्यालय स्तर पर मातृशक्ति के योगदान को रेखांकित किया जाएगा तथा विशिष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान मातृशक्ति जागरण हेतु तैयार पोस्टर का अतिथियों द्वारा विमोचन भी किया गया। देशपांडे ने बताया कि सप्तशक्ति संगम केवल आयोजन नहीं, बल्कि नारीशक्ति जागरण का सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से समाज में मातृशक्ति के आदर्शों, संस्कारों और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देने का प्रयत्न किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने समस्त मातृशक्तियों से आग्रह किया है कि वे इन आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेकर अभियान को सफल बनाएं।

## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में बालिकाओं को दी गई बाल शोषण और सुरक्षा संबंधी शिक्षा



**सारंगपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सारंगपुर में सोमवार को बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने बालिकाओं को बाल शोषण, बाल विवाह और सुरक्षा के प्रति जागरूकता संबंधी जानकारी दी। अधिकारियों ने छात्राओं को बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के भविष्य पर गहरा प्रभाव डालता है। इस अवसर पर बालिकाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से बाल शोषण आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई, जिससे उन्हें वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से सुरक्षा के महत्व को समझाया गया। इस दौरान एसडीएम रोहित बम्होरे ने कहा कि प्रत्येक बालिका को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है और किसी भी प्रकार की अनुचित घटना की तुरंत शिकायत करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में छात्रावास की वार्डन वंदना शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बालिकाओं में आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## सुख-समृद्धि की कामना के साथ लगातार 9वें वर्ष आयोजन

# बैकुंठ चतुर्दशी पर श्रद्धालुओं ने लगाई मंदिर की 11 परिक्रमाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंगलवार को बैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर नगर के प्रबुद्धजनों, श्रद्धालुओं द्वारा श्री सत्यनारायण भगवान गिर्राजजी परिक्रमा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के तहत श्रद्धालु महिला-पुरुषों, बच्चों व अन्य द्वारा मंदिर की 11 परिक्रमाएं करते हुए भगवान से बैकुंठ में स्थान देने व सभी की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। लगातार 9वें साल हुए इस आयोजन के लिए मंदिर समिति से जुड़े सदस्यों द्वारा पूरे परिक्रमा मार्ग पर कारपेट भी बिछवाई गई। इसके साथ ही अन्य सेवाभावी श्रद्धालुओं, गौसेवा समिति के युवाओं व अन्य द्वारा परिक्रमा करने वाले भक्तगणों को दूध, फल, खीर इत्यादि का प्रसाद का वितरण परिक्रमा के दौरान करवाया। यह परिक्रमा सत्यनारायण भगवान मंदिर से आरंभ होकर पारायण चौक समिति का भ्रमण करते हुए सब्जी बाजार होकर पुनः मंदिर पहुंचती है। एक बार की परिक्रमा लगभग 400 मीटर से अधिक की रहती है। सत्यनारायण भगवान मंदिर में यह आयोजन कई सालों पहले भी हुआ करता था जो बीच में बंद हो गया था। लेकिन, सुधी श्रद्धालुओं एवं युवा भक्तों की पहल पर दौबारा से यह आयोजन 9 वर्षों पूर्व आरंभ करवाया गया जो कि अनवरत जारी है।

#### छप्पन भोग का आयोजन आज

इसी कड़ी में मंदिर समिति एवं नगर के श्रद्धालुओं के सहयोग से 5 नवंबर को छप्पन भोग का आयोजन भी करवाया जाएगा। आयोजन में श्रद्धालुओं द्वारा विविध तरह के छप्पन भोग भगवान को अर्पित करते हुए प्रसादी वितरित करवाई जाएगी।

## ब्यावरा मंडल अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का भोपाल पहुंचकर किया स्वागत

### प्रदेश अध्यक्ष को भेंट की बालाजी की तस्वीर



**ब्यावरा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव, बनवारी पुष्पद, युवा अध्यक्ष गिरराज लववंशी आशिफ उल्ला ने भोपाल पहुंचकर ब्यावरा मंडल की ओर से प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ भगवान तिरूपति बालाजी की तस्वीर भेंट की सभी कार्यकर्ताओं ने बारी बारी स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व मंडल के हर बूथ पर भाजपा को मजबूत करने का काम कर रहे हैं।